**S–16–B**

Roll No...........................................

*Total No. of Questions* : **14+10]** *[Total No. of Printed Pages* : **16**

# XIAPBASZJD22

# 7716–B

# HINDI

## (New/Old Course)

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 100**

***NOTE :—*** The questions in the question paper are based on revised and pre-revised syllabus marked as "**New Course**" and "**Old Course**" respectively and candidates are advised to appear in the relevant course meant for them. Candidates who may attempt the questions partly from **"New Course"** and partly from **"Old Course"** will not be awarded. Candidates are also advised to record **"New Course"** or **"Old Course"** as the case may be, on the front page of the answer-book.

## *(New Course)*

### खण्ड–क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सुचारित्र्य के दो सशक्त स्तंभ हैं—प्रथम सुसंस्कार और द्वितीय सत्संगति। जिस प्रकार कुधातु की कठोरता और कालिख पारस के स्पर्श मात्र से कोमलता और कमनीयता में बदल जाती है, ठीक उसी प्रकार कुमार्गी का कालुष्य सत्संगति से स्वर्णिम आभा में परिवर्तित हो जाता है। सतत् सत्संगति से विचारों को नई दिशा मिलती है और अच्छे विचार मनुष्य को अच्छे कार्यों में प्रेरित करते हैं।

परिणामत: सुचरित्र का निर्माण होता है। चरित्र से ही जीवन की सार्थकता है। चरित्रवान व्यक्ति समाज की शोभा है, शक्ति है। सुचारित्र्य से व्यक्ति ही नहीं, समाज भी सुवासित होता है और इस सुवास से राष्ट्र यशस्वी बनता है। विदुर जी की उक्ति अक्षरश: सत्य है कि सुचरित्र के बीज हमें भले ही वंश परंपरा से प्राप्त हो सकते हैं, पर चरित्र-निर्माण व्यक्ति के अपने बलबूते पर निर्भर है।

आनुवंशिक परंपरा, परिवेश और परिस्थिति उसे केवल प्रेरणा दे सकते हैं, पर उसका अर्जन नहीं कर सकते, वह व्यक्ति को उत्तराधिकार में प्राप्त नहीं होता। व्यक्ति-विशेष के शिथिल-चरित्र होने से पूरे राष्ट्र पर चरित्र-संकट उपस्थित हो जाता है, क्योंकि व्यक्ति पूरे राष्ट्र का एक घटक है। अनेक व्यक्तियों से मिलकर एक परिवार, अनेक परिवारों से एक कुल, अनेक कुलों से एक जाति या समाज और अनेकानेक जातियों और समाज समुदायों से मिलकर ही एक राष्ट्र बनता है।

**प्रश्न :**

(क) सत्संगति कुमार्गी को कैसे सुधारती है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) चरित्र के संदर्भ में विदुर के क्या विचार हैं ? 2

(ग) व्यक्ति-विशेष का चरित्र समूचे राष्ट्र को कैसे प्रभावित करता है ? 2

(घ) संगति के संदर्भ में पारस के उल्लेख से लेखक क्या प्रतिपादित करना चाहता है ? 2

(ङ) 'सुवासित' शब्द का अर्थ लिखिये। 1

(च) प्रस्तुत गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ,
जिससे उथल-पुथल मच जाए।
एक हिलोर इधर से आए,
एक हिलोर उधर से आए।
प्राणों के लाले पड़ जाएँ,
त्राहि-त्राहि रट नभ में छाएँ,
नाश और सत्यानाशों का–
धुआँधार जग में छा जाए।
बरसे आग, जलद जल जाएँ,
भस्मसात भूधर हो जाएँ,
पाप-पुण्य सद्सद् भावों की
धूल उड़ उठें दायें-बायें।

नभ का वक्षस्थल फट जाए–
तारे टूक-टूक हो जाएँ
कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ,
जिससे उथल-पुथल मच जाए।

प्रश्न :

(क) कवि ने किस प्रकार के उथल-पुथल की कल्पना की है ? 1

(ख) कवि की कविता क्रांति लाने में कैसे सहायक हो सकती है ? 1

(ग) 'भूधर' का पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

(घ) काव्यांश से **दो** मुहावरे चुनकर उनके वाक्य लिखिए। 1

(ङ) 'पाप' और 'पुण्य' शब्द में अंतर बताइये। 1

(च) 'नाश' और 'सत्यानाश' में आपके अनुसार क्या अंतर है ? 1

## खण्ड—ख

3. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप शामसिंह है। जम्मू के रघुनाथ मंदिर के नजदीक बम विस्फोट हुआ है। विस्फोट के समय आप वहीं मौजूद थे। अपने अखबार के लिए इस विस्फोट की रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के तत्सम् शब्द लिखिए :

नींद, माँ, सोना, बात 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के तद्भव शब्द लिखिए :

शिक्षा, नख, दधि, श्वसुर 2

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

नदी, कपड़ा 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए :

प्रतिक्षा, आशिवार्द 2

(ग) विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

लोभ, आय 2

(घ) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** अनेकार्थी शब्द लिखिए :

कनक, हार 2

6. (क) 'मुहावरे' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 1

(ख) लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कर वाक्य बनाइये :

आगे कुआँ पीछे खाई, चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए। 2

**खण्ड—ग**

7. वीरगाथाकाव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निर्गुण काव्यधारा की विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 7

8. रीतिकाल का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**अथवा**

प्रमुख रासो, काव्यों तथा उनके रचयिताओं के नाम लिखिए। 3

**खण्ड—घ**

9. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए :

करता था तौ क्यों रह्या, अब करि क्यूँ पछताई।

बोवै पेड़ बबूल का, अम्ब कहाँ तै खाई॥

**अथवा**

बुरौ बुराई जो तजै, तौ चितु खरै डरातु।

ज्यौं निकलंकु मयंकु लखि, गने लोग उतपातु॥ 5

10. मीराबाई का साहित्यिक परिचय लिखिये।

**अथवा**

तुलसीदास का जीवन-परिचय लिखिए। 7

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

बादशाह को लिए हुए सेना सामने से निकल गई। उनके जाते ही मिर्ज़ा ने शतरंज की बाज़ी बिछा ली। हार की चोट बुरी होती है। मीर ने कहा—आइए, नवाब के मातम में एक मरसिया कह डालें। लेकिन मिर्ज़ा की राजभक्ति अपनी हार के साथ लुप्त हो चुकी थी। वह हार का बदला चुकाने के लिए अधीर हो गए थे।

**अथवा**

क्यों जी, "अभी घराती-बराती किसी के मुँह में अन्न नहीं गया और तुम भोग लगाने लगीं। तुम्हीं बड़की पंडिताइन हो क्या ?" एक कसैला-सा स्वर कानों में पड़ा चन्तारा के और दूसरी पूड़ी का कौर तोड़ते-तोड़ते वह सहमकर रुक गई थी। फुग्गी ने भी डरकर मुँह चलाना रोक दिया। 5

12. 'माधव राव सप्रे' की कहानी 'एक टोकरीभर मिट्टी' की तात्विक समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'वापसी' कहानी का कथासार अपने शब्दों में लिखिए। 7

13. लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) कबीर एक समाज सुधारक थे। कैसे ?

**अथवा**

जायसी के शृंगार चित्रण पर प्रकाश डालिए। 3

(ख) अनूगूँज में संकलित विनय-पत्रिका का सार लिखिए।

**अथवा**

मीरा के भक्ति पदों का सार लिखिए। 3

(ग) जायसी की काव्यभाषा पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

सूरदास की काव्यभाषा पर विचार कीजिए। 3

(घ) मातादीन ने चाँद पर हत्या का मामला कैसे सुलझाया ?

**अथवा**

आचरण का निर्माण पवित्र-अपवित्र, सभी से सम्भव है। स्पष्ट कीजिए। 3

(ङ) 'एक टोकरी भर मिट्टी' का संदेश क्या है ?

**अथवा**

'चुप चुन्तारा रोना नहीं' कहानी का संदेश लिखिए। 3

(च) 'मीर रोशन अली' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

गजाधर बाबू का चरित्र-चित्रण लिखिए। 3

14. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(i) भक्तिकाल के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए। 1

(ii) सिद्धों और नाथों की कुल संख्या लिखिए। 1

(iii) रीतिकाव्यधारा में कितनी धाराएँ आती हैं ? 1

(iv) कबीरदास के पदों की भाषा कौनसी है ? 1

(v) तुलसीदास की पत्नी का क्या नाम था ? 1

(vi) रीतिकाल का अन्य नाम लिखिए। 1

(vii) जायसी के गुरु कौन थे ? 1

(viii) मीरा का जन्म कब और कहाँ हुआ ? 1

(ix) माधवराव सप्रे द्वारा संपादित पत्रिका का नाम लिखिए। 1

(x) मातादीन पेशे से कौन है ? 1

(xi) शकुन्त दीपमाला का जन्म कहाँ हुआ ? 1

(xii) पीरबक्श ने किससे, कितना उधार लिया था ? 1